आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 05.11.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- राज्य विधानसभा के विशेष सत्र के तीसरे दिन सदन में महिला सुरक्षा, मूलनिवास और जनसांख्यिकीय बदलाव सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दून विश्वविद्यालय में प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन का शुभारंभ किया। कहा – प्रवासी उत्तराखंडी देवभूमि के सच्चे ब्रांड एम्बेसडर हैं।
- सिख धर्म के संस्थापक श्री गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व, प्रदेश के विभिन्न जिलों में धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया।
- पौड़ी गढ़वाल के खिर्सू विकासखंड में आयोजित दो दिवसीय बर्ड वॉचिंग कार्यक्रम सम्पन्न।

--------

## विधानसभा विशेष सत्र

उत्तराखंड रजत जयंती के उपलक्ष्य में राज्य विधानसभा के विशेष सत्र के तीसरे दिन आज भी राज्य की उपलब्धियों और भविष्य के रोड मैप पर चर्चा हुई। सदन में महिला और बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने राज्य में महिला विकास, चिकित्सा क्षेत्र और किसानों के धान क्रय से जुड़ी उपलब्धियों को रखा। कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि गैरसैंण पहले ही ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित की जा चुकी है, ऐसे में उसे स्थायी राजधानी नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने कहा कि देहरादून ही राज्य की स्थायी राजधानी हो सकती है। श्री बेहड़ के इस बयान पर भाजपा विधायक खजानदास ने कहा कि कांग्रेस गैरसैंण के नाम पर सिर्फ राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जब राज्य में दस साल तक शासन किया, तब उसने गैरसैंण को स्थायी राजधानी घोषित क्यों नहीं किया ? वहीं सदन में आज विकास योजनाओं, महिला सुरक्षा, मूलनिवास और जनसांख्यिकीय बदलाव जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

**प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन**

राज्य स्थापना के रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज दून विश्वविद्यालय में प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रवासी उत्तराखंडी देवभूमि के सच्चे ब्रांड एम्बेसडर हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रवासी उत्तराखंड परिषद का गठन इसी उद्देश्य से किया है, ताकि उनके सुझाव और अनुभव राज्य के विकास की मुख्यधारा में शामिल किए जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि "विकास भी, विरासत भी" की भावना के साथ राज्य, सांस्कृतिक समृद्धि और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने प्रवासी उत्तराखंडियों से आह्वान किया कि वे भी राज्य के इस विकास अभियान में भागीदार बनें।

इस अवसर पर प्रवासी उत्तराखंडियों ने राज्य के विकास के लिए अपने सुझाव दिए।

**मुख्यमंत्री/लेखक गांव**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून के लेखक गांव, थानों में आयोजित स्पर्श हिमालय महोत्सव–2025 के समापन सत्र में भाग लिया। उन्होंने राज्य स्थापना की रजत जयंती उत्सव पर सभी आंदोलनकारियों को नमन करते हुए कहा कि लेखक गांव की परिकल्पना उन विचारों का प्रतीक है, जो समाज को दिशा देते हैं और आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ते हुए भविष्य का निर्माण करना सिखाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा उत्तराखंड जैसे सांस्कृतिक रूप से समृद्ध प्रदेश में लेखक गांव, स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने के साथ ही विश्व के साहित्यिक मानचित्र पर राज्य को एक नई पहचान प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार, साहित्य और संस्कृति के संरक्षण व प्रोत्साहन के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

**रजत जयंती सप्ताह**

रजत जयंती सप्ताह के तीसरे दिन आज उत्तरकाशी के रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत कर दिया। वहीं कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य और बाल विकास सहित अन्य विभागों के स्टॉलों पर बड़ी संख्या में लोगों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों की जानकारी ली। साथ ही कृषि यंत्र, उच्च गुणवत्ता वाले बीज, उर्वरक और दवाइयां भी रियायती दरों पर खरीदीं। वहीं शिक्षा विभाग द्वारा लगाई गई पुस्तक प्रदर्शनी भी दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रही है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद डॉ. कल्पना सैनी ने कहा कि राज्य

आंदोलनकारियों ने जो सपने देखे थे, उन्हें साकार करने के लिए हम सभी को निरंतर प्रेरणा लेकर कार्य करने की आवश्यकता है।

## गुरुनानक जयंती

सिख धर्म के संस्थापक श्री गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने चम्पावत जिले के गुरुद्वारा श्री रीठा साहिब में पहुंचकर दरबार साहिब में मत्था टेका और देश व प्रदेशवासियों की सुख–शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। राज्यपाल ने कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं आज भी समाज में समरसता, शांति और एकता बनाए रखने का मार्ग प्रशस्त करती हैं।

वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुनानक जयंती के अवसर पर आज गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा रेसकोर्स, देहरादून में मत्था टेका। उन्होंने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी ने समाज की बुराइयों को दूर करने के लिए अपने उपदेशों और शिक्षा के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

## कार्तिक पूर्णिमा

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आज हरिद्वार के विभिन्न गंगा घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। तड़के से ही हरकी पैड़ी सहित विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। दूर–दराज़ क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य का अर्जन किया। गंगा तट पर हर–हर गंगे, जय मां गंगे के जयकारों से वातावरण आध्यात्मिक रंग में रंगा रहा। श्रद्धालुओं ने दीपदान कर परिवार की मंगल कामनाएं कीं और भगवान विष्णु तथा मां गंगा की पूजा–अर्चना की।

## बर्ड वॉचिंग

राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पौड़ी गढ़वाल के खिर्सू विकासखंड के आस–पास के जंगलों में आयोजित दो दिवसीय बर्ड वॉचिंग कार्यक्रम आज सम्पन्न हो गया। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों और स्कूली बच्चों सहित 50 लोगों ने हिस्सा लिया। प्रसिद्ध बर्ड वॉचर अजय शर्मा ने प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार की पक्षियों की पहचान, उनके आवास और व्यवहार के आधार पर पहचान

करने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अगर स्थानीय लोग पक्षियों की जानकारी प्राप्त करें, तो वे पर्यटकों को पक्षियों की पहचान कराते हुए रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त कर सकते हैं। जिला पर्यटन विकास अधिकारी खुशाल सिंह नेगी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों और युवाओं में प्रकृति के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ ही ईको–टूरिज्म और स्वरोजगार को भी बढ़ावा देते हैं।

**प्रशिक्षण**

बागेश्वर में रेडक्रॉस और जन शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में ड्रेस डिजाइनिंग और सिलाई प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। सिलाई प्रशिक्षण में 20 महिलाएं भाग ले रही हैं। इस मौके पर रेडक्रॉस समिति के अध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और उन्हें घर तक सीमित रहने के बजाय समाज की मुख्यधारा से जुड़ना चाहिए। जन शिक्षण संस्थान के निदेशक जितेंद्र तिवारी ने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार के लिए आगे आने का मौका मिलेगा।

..........